Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the security and safety issue of residences of Hon'ble Members of Parliament in the nearby place of Parliament House.

श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील (**औरंगाबाद**): माननीय सभापति जी, मैं बहुत ही गंभीर विषय पर सभी सम्मानित सदस्यों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । यह एक सांसद के साथ हुआ है, ऐसा नहीं है, कल किसी और सांसद के साथ भी यह घटना हो सकती है ।

मेरी पार्टी के अध्यक्ष और मैम्बर ऑफ पॉर्लियामेंट, जिन्हें इसी अगस्ट हाउस ने बैस्ट पॉर्लियामेंटेरियन अवार्ड दिया था । 21 सितंबर, 2021 को, जिसे हम देश का सबसे सिक्योर जोन मानते हैं, पार्लियामेंट के आसपास जितने भी बंगले हैं या पॉर्लियामेंट हाउस है, वहां अशोका रोड पर, वहां शाम के वक्त पांच लड़के आते हैं, उनके हाथ में कुल्हाड़ी होती है, कुछ और हथियार लेकर आते हैं और उनके गेट पर हमला करने से पहले पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग की जाती है । वीडियो रिकॉर्डिंग लाइव करके वे लोग उनके बोर्ड को तोड़ते हैं, गेट को तोड़ते हैं और घर के अंदर बड़े पत्थर फेंककर मारते हैं । उस घर में राजू नाम का शख्स, जो 50 साल से उनकी सेवा कर रहा है, उनके साथ रह रहा है । उनका छोटा पोता वहां खेलता है ।

सभापति महोदय, अगर जरा-सा भी वह पत्थर उस लड़के के ऊपर लग जाता तो वह लड़का वहीं पर खत्म हो जाता । वह 12 साल का लड़का है । लेकिन, इस घटना से ज्यादा चिंता की बात यह है कि उनके घर के बाजू में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया का ऑफिस है । आप सोचिए कि कितनी सिक्योरिटी रहती होगी । जो घर है, उस के अक्रॉस द रोड पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन है । जब राजू पुलिस स्टेशन में फोन करता है तो पुलिस वहां 15 मिनट के बाद पहुंचती है ।

मेरा यह कहना है कि इतने सेक्योर्ड जोन के अंदर पुलिस अगर 15 मिनट के बाद पहुंचती है तो दिल्ली पुलिस से इस बारे में सवाल करना चाहिए ।

माननीय सभापति : आप इस बारे में अध्यक्ष जी को लिखकर दे दीजिए । इसके ऊपर वे उचित कार्रवाई करेंगे ।

श्री सय्यद ईमत्याज़ जलील : मैं, तमाम सम्मानीय सदस्यों से यह कहना चाहता हूं कि आज यह घटना हमारे साथ घटी है कल किसी और के साथ भी घट सकती है । इसीलिए, इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए । जब हम पार्लियामेंट आते हैं, तो दो-दो जगहों पर सिक्योरिटी रखी जाती है, जबकि बाहर इस तरह से हमला किया जाता है । इस पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की जरूरत है ।

माननीय सभापति: डॉ. चन्द्र सेन जादौन जी । ये हमारे बहुत बुजुर्ग सांसद हैं ।